क्षेत्रीय आयुर्वेदीय पोषणजन्य विकार अनुसंधान संस्थान, गांधी भवन, मण्डी, हिमाचल प्रदेश

केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार

Regional Ayurveda Research Institute for Nutritional Disorders

(Central Council for Research in Ayurvedic Sciences, Ministry of AYUSH, Govt. of India)

Gandhi Bhawan, Mandi, Himachal Pradesh-175001, India

Email: arri.mandi@gmail.com, arri-mandi@gov.in Ph/ fax: Nos. 01905222857,221636

फा.सं.4-25/2015/आरएआरआईएनडी/तक/ दिनांक 28.09.2016

संविदा आधार पर नियुक्तियाँ

क्षेत्रीय आयुर्वेदीय पोषणजन्य विकार अनुसंधान संस्थान, गांधी भवन, मण्डी, हिमाचल प्रदेश में आदिवासी स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान परियोजना एवं एक चिकित्सीय अनुसंधान परियोजना में निम्नलिखित अनुबन्ध कर्मचारी रखने का इच्छुक है। इसके लिये पात्रता मापदण्ड, लिखित परीक्षा एवं साक्षत्कार का ब्यौरा निम्न प्रकार से है:

क्रम सं.	पद का नाम एवं संख्या	योग्यता, अनुभव एवं आयु सीमा	निश्चित पारिश्रमिक	लिखित परीक्षा/साक्षात्कार की तारीख एवं समय
1.	कनिष्ठ अनुसंधानकर्ता (JRF) (आयुर्वेद) – 02	**आवश्यक**: बी ए.एम.एस. **अपेक्षित**: एम.डी./एम एस. (आयुर्वेद) कम्पयूटर पद्धति का ज्ञान (एम.एस. आफिस आदि) **आयु सीमा**: अधिकतम 35 वर्ष	रू. 25,000/- प्रतिमाह + 10% मकान किराया भत्ता	6 अक्तूबर, 2016 सुबह 9.30 बजे से
2.	डाटा एन्ट्री आपरेटर (DEO) – 02	**आवश्यक**: किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी क्षेत्र में स्नातक डिग्री तथा किसी सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्पयुटर शिक्षण में डिप्लोमा **अपेक्षित**: किसी सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से पी.जी.डी.सी.ए. तथा अंग्रेजी और हिन्दी में कम्पयुटर पर अच्छी टाइपिंग गति । **आयु सीमा**: अधिकतम 27 वर्ष	रू. 16000/- प्रतिमाह	7 अक्तूबर, 2016 सुबह 9.30 बजे से
3.	मल्टी टास्कींग स्टाफ (भविष्य चैनल)	**आवश्यक:**इंटरमिडियेट / बाहरवी कक्षा पास **अपेक्षित:** कम्पयुटर कार्य पद्धति का ज्ञान **आयु सीमा:** अधिकतम 25 वर्ष	रू. 13000/- प्रतिमाह	7 अक्तूबर, 2016 सुबह 11.30 बजे से

सामान्य शर्तें

1. यह अनुसंधान परियोजना हिमाचल प्रदेश में लाहौल घाटी एवं किन्नौर जिला के आदिवासी क्षेत्र में चलाई जायेगी तथा उपरोक्त कर्मचारियों को महीने में 15 दिना वहां रूक कर स्वास्थ्य सेवा एवं सर्वेक्षण आदि कार्य करके संस्थान में आकर उसकी प्रगति रिर्पोट बनाने का कार्य करना होगा । इसके लिये संस्थान वाहन सुविधा प्रदान करेगा तथा कर्मचारी नियमानुसार दैनिक भत्ते के पात्र होंगे ।
2. उम्मीदवारों की अधिकतम आयु सीमा 1/10/2016 पर निर्धारित की जायेगी जिसमें अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्यपिछड़े वर्गों के लिये नियमानुसार छूट दी जायेगी। नियुक्ति आरम्भ में छः माह के लिये अथवा परियोजना के साथ सावधिक होगी जिसे सक्षम अधिकारी की इच्छानुसार घटाया/ बढ़ाया जा सकता है । यह नियुक्तियां केवल अनुबन्ध आधार पर ही होंगी जिन्हें जारी रखने या नियमित करने का प्रावधान नहीं है । पदों की संख्या संस्थान के लिये स्वीकृत स्वास्थ्य परियोजनाओं के अनुसार घटाई अथवा बढ़ाई जा सकती है।
3. इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा में (क) आवेदित पद, (ख) अपना नाम, पता, टेलीफोन नम्बर, ई मेल (ग) जन्मतिथि (घ) शैक्षणिक योग्यतायें (ड.) अंक प्रतिशत (च) अनुभव (छ) स्वप्रमाणित प्रमाणपत्रों की प्रतियां (ज) पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ तथा (झ) हस्ताक्षर सहित अपना बायोडाटा प्रभारी (संस्थान) क्षेत्रीय आयुर्वेदीय पोषणजन्य विकार अनुसंधान संस्थान, गांधी भवन, मण्डी, हिमाचल प्रदेश-175001 को दिनांक 5 अक्तूबर, 2016 को सायं 5-00 बजे तक अवश्य भेज दें। जो आवेदन निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होंगे उन पर विचार नहीं किया जायेगा।

4. उपरोक्त पदों के लिये लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार संस्थान के गांधी भवन परिसर में दर्शाई गई तिथि एवं समय पर होंगे जिसके लिये आवेदकों को टी.ए./ डी.ए. देय नहीं होगा। लिखित परीक्षा उर्तीण करने वाले उम्मीदवारों का ही साक्षात्कार लिया जायेगा। मूल प्रमाण पत्र साक्षात्कार के समय देखे जायेंगे ।

5. प्रभारी(संस्थान) आर.ए.आर.आई.एन.डी. मण्डी के पास उपरोक्त लिखित परीक्षा और साक्षात्कार आदि को स्थगित करने अथवा रद्द करने का अधिकारी सुरक्षित रहेगा ।

प्रभारी(संस्थान)

आर.ए.आर.आई.एन.डी. मण्डी